<u>प्रेस नोट</u>

केंद्रीय विद्यालयों के लिए 30वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता , 2017-18 का पुरस्कार वितरण समारोह बुधवार, 12 सितंबर, 2018 को अपराह्न 3.00 बजे जीएमसी बालयोगी सभागार, संसद ग्रंथालय भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

2. **श्री अर्जुन राम मेघवाल, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय में राज्य मंत्री** समारोह की अध्यक्षता करेंगे और पुरस्कार विजेता विद्यार्थियों/विद्यालयों को प्रतियोगिता में उनके योग्य निष्पादन के लिए पुरस्कार वितरित करेंगे। इस अवसर परकेंद्रीय विद्यालयएएफएस मनौरी,अलाहबादके विद्यार्थी, जो प्रतियोगितामें प्रथम आयेहैं, "युवा संसद" की एक अल्पावधि बैठक प्रस्तुत करेंगे।

3. संसदीय कार्य मंत्रालय पिछले 30 वर्षों से केंद्रीय विद्यालयोंमें युवा संसद प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रहा है।केंद्रीय विद्यालयों के लिए राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता की योजना के अंतर्गत इस श्रृंखला में 30वीं प्रतियोगिता वर्ष 2017-18 के दौरान पूरे भारत के25 क्षेत्रों में स्थित125 केंद्रीयविद्यालयों में आयोजित की गई।

4. युवा संसद योजना का उद्देश्य युवा पीढ़ी में स्व-अनुशासन की भावना , दूसरों के विचारों के *प्रति सहिष्णुता, विचारों की न्यायसंगत अभिव्यक्ति और लोकतांत्रिक जीवन के अन्य गुण विकसित* करना है। इसके अतिरिक्त , यह योजना विद्यार्थियों को संसद की प्रक्रियाओं और पद्धतियों , चर्चा और वाद-विवाद की तकनीकों से भीअवगत कराती है और उनमें आत्मविश्वास , नेतृत्व का गुण और प्रभावशाली भाषण की कला और कौशल का विकास करती है।

5. प्रतियोगिता में प्रथम आने के लिए संसदीय चल वेजयंती और ट्रॉफी केंद्रीय विद्यालय,एएफएस मनौरी,इलाहबादको प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, निम्नलिखित विद्यालयों को माननीय मंत्रीद्वारा योग्यता ट्रॉफियां भी प्रदान की जाएंगी:-

1. केंद्रीय विद्यालयनं 1,बजाज नगर जयपुर ,
2. केंद्रीय विद्यालय,सीआरपीएफभुवनेश्वर
3. केंद्रीय विद्यालयसीएलआरआई ,चेन्नई
4. केंद्रीय विद्यालय,सैनिक विहार दिल्ली
5. केंद्रीय विद्यालय,भवानीपटना, रायपुर
6. केंद्रीय विद्यालयनं 1,पलक्कड ,यूरनाकुलम
7. केंद्रीय विद्यालयनं 3,गांधीनगर कैंट
8. केंद्रीय विद्यालयनं 2बेलगाँम,बंगलोर
9. केंद्रीय विद्यालयनं 1,एसटीसी जबलपुर
10. केंद्रीय विद्यालयओएनजीसी ,पनवेल

11. केंद्रीय विद्यालय एएफएस हकीमपेट, हैदरबाद
12. केंद्रीय विद्यालयनं 5 ग्वालियर
13. केंद्रीय विद्यालयन。 1एचबीके,देहारादून
14. केंद्रीय विद्यालय,पींजौर
15. केंद्रीय विद्यालय,खांडवा, भोपाल
16. केंद्रीय विद्यालय,मेघहटूबुरु रांची
17. केंद्रीय विद्यालय न。 1,अरमापुर ,कानपुर
18. केंद्रीय विद्यालय न。 1,जालंधर
19. केंद्रीय विद्यालय न。 2,फरीदाबाद
20. केंद्रीय विद्यालय,न्यू बोग्ईगाँव
21. केंद्रीय विद्यालय,सहरसा, पटना
22. केंद्रीय विद्यालय,कमांड हॉस्पिटल कोलकाता,
23. केंद्रीय विद्यालय,नॉर्थ लखीमपुर
24. कुंजबन,केंद्रीय विद्यालय

****